## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** जंगल सफारी बायपास मेनरोड में शनिवार के शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजी 8630 से कुमारी योगिता यदु 17 वर्ष, कुमारी भूमिका साहू 17 वर्ष और साहिल सोनी 17 वर्ष तीनों सवार होकर कहीं जा रहे थे। तभी जंगल सफारी बायपास रोड में ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0805 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे कुमारी योगिता की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार साहिल और भूमिका को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोडक़र फरार हो गया। जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

### बनारस से कोरबा आ रही बस पलटी, 50 से 60 यात्री थे सवार

**सरगुजा (आरएनएस)।** बनारस से कोरबा आ रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई. घटना उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दावा की है. रात 3.30 बजे ये हादसा हुआ है. हादसे के वक्त बस में 50 से 60 यात्री सवार थे. सभी को चोटें आई हैं. जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में भर्ती कराया गया है। वहीं 6 लोगों की हालत गंभीर है. जिन्हें अंबिकापुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है. हादसे के बाद ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए. बताया जा रहा है कि ड्राइवर को नींद लगने की वजह बस पलटी है।

### सड़कों से मवेशियों को हटाने चला अभियान

**मोहला (आरएनएस)।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज अधिकारियों को सडक़ों से मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देशानुसार आज अधिकारियों की टीम ने अभियान चलाकर मवेशियों की धरपकड़ कर हटाने का कार्य किया। आज के अभियान में बस स्टैंड मोहला से लेकर पेट्रोल पंप तक सतत निरीक्षण एवं मानिटरिंग किया गया। इस दौरान सडक़ पर बैठे मवेशियों को हटाने की कार्यवाही किया गया। अभियान के तहत सडक़ों पर बैठे मवेशियों को पकडक़र सडक़ से हटाने की कार्यवाही की गई है। आगे भी अभियान चलाकर सडक़ों पर बैठे मवेशियों को हटाने की कार्यवाही जारी रहेगा।

### आईआईटी जोधपुर में जगह मिली सागर को, प्रथम प्रयास में सफलता

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल की दीपका विस्तार परियोजना में पदस्थ फोरमैन इंचार्ज गौरी शंकर के होनहार व प्रतिभाशाली सुपुत्र सागर रत्न चौधरी का सामान्य वर्ग से देश के नामांकित एवं अग्रणी शिक्षा संस्थान आई आई टी जोधपुर में चयन हुआ है। सागर को आई आई टी में कंप्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ब्रांच मिला है। जहां पूरे देश में उसने 3000 रैंक लाकर एवम जेईई मेन्स में उसने 99.81 प्रतिशत तथा 12वीं में 93.6 प्रतिशत अंको के साथ शानदार सफलता अर्जित की। एनटीपीसी डीपीएस में आठवीं तक उसके बाद कोटा राजस्थान से कक्षा 9वीं से 12 वीं तक डीएवी पब्लिक स्कूल में अध्ययन किया। अब आगे 31 जुलाई को आईआईटी जोधपुर में नामांकन होना है, जहां 3 अगस्त से प्रथम सेमेस्टर की क्लास भी प्रारंभ हो जाएगी। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता समेत गुरुजनों को दिया है। छात्र सागर के पिता गौरी शंकर ने बताया कि अथक मेहनत और प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है जिसे सागर ने अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से कर दिखाया। गौरीशंकर ने आगे कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है जिसके छात्र के अभिभावकों को सही समय मे मॉनिटरिंग की सतत आवश्यकता होती है। इसलिए हर किसी छात्र को लक्ष्य निर्धारण के साथ आगे बढऩा चाहिए।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

- राजधानी में मुख्यमंत्री और जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण करेंगे ध्वजारोहण
- जिला स्तरीय समारोह में नक्सली हिंसा में शहीदों के परिवारजनों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया जाएगा आमंत्रित



**रायपुर ।** राज्य शासन ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के प्रदेश में गरिमापूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश स्तर पर राजधानी रायपुर सहित जिला मुख्यालयों, नगरीय निकायों से लेकर विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर तक स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होगा।

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 9 बजे से निर्धारित कार्यक्रम समयानुसार आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस मौके पर वे प्रदेश के जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस मौके पर विभिन्न विभागों को द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का वितरण किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में शासन के सभी विभागों के प्रमुखों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, विभागाध्यक्षों, आवासीय आयुक्त छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली, संभागायुक्तों, कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए है। निर्देश में कहा गया है कि जिला मुख्यालयों में शासन द्वारा विनिर्दिष्ट मंत्रीगण और मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। इसी प्रकार निजी संस्थाओं से भी उनके भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और रात्रि में भवनों पर रोशनी करने की अपील की जाएगी।

विभाग और कार्यालय प्रमुख द्वारा अपने कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को एकत्रित कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया करेंगे और ध्वजारोहण के बाद सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाएगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाएगा।

इसी तरह सभी शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सांस्कृतिक, साहित्यिक, मनोरंजन के कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा सुबह 'प्रभात-फेरी' का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बाद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र, मेडल आदि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) का उपयोग की अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा दी जाएगी। यह ध्यान रखा जाए कि ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने वाले गाने सुरूचिपूर्ण और सामयिक हो।

प्रदेश की राजधानी रायपुर एवं अन्य जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इसे देखते हुए सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम मुख्य समारोह के पूर्व सम्पन्न कर लिया जाए, ताकि इन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी जिले की मुख्य समारोह में भाग ले सकें।

सभी जिला मुख्यालयों पर परेड आयोजित की जाएगी। परेड में सेना (जहां उपलब्ध हो), पुलिस, एनसीसी, नगर सेना, जेल प्रहरी की टुकड़ियों भाग लेंगी। ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रीगणों की जिलेवार सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अलग से जिला कलेक्टर को जारी की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा नक्सली हिंसा में शहीदों के परिवारजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानपूर्वक जिला स्तरीय समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

जनपद पंचायत मुख्यालयों पर जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाए। उसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाए और मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिया जाए। ऐसी नगर पालिका, नगर पंचायत, जिनका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय पर नहीं है, उनमें अध्यक्ष नगर पालिका, नगर पंचायत द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा और बड़ेगांव में, गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें देश की एकता और अखण्डता के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए।

## कोआपरेटिव्ह बैंक बिलासपुर में 106 करोड़ का घोटाला 12 साल बाद फिर बोतल से बाहर आया जिन्द...

**कोरबा (आरएनएस)।** कोआपरेटिव्ह बैंक बिलासपुर में 106 करोड़ का घोटाला का मामला एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है। भाजपा नेता और कोआपरेटिव्ह बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रितपाल बेलचन्द पर शिकंजा कसने के बाद अब कोआपरेटिव्ह बैंक बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष पर 12 साल बाद कानूनी कार्रवाई होने के आसार नजर आ रहे हैं।





जानकारी के अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर में 106 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में अपराध दर्ज करने के बाद विवेचना पूरी नहीं होने और कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत नहीं करने पर मुख्य सचिव एसीबी और ईओडब्ल्यू के एडीजीपी से शपथ पत्र मांगा था। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रजनी दुबे की बेंच ने मामले में दो माह में सीआरसी की धारा 173-2 के तहत कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

आपको बता दें कि बिलासपुर के जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में 106 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विंदेश्वरी प्रसाद खरे ने बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष देवेंद्र पाण्डेय और सीईओ वी एस बिसेन के खिलाफ डीजीपीए एसीबी ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। 27 अगस्त 2011 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में 11 साल बाद 23 फरवरी 2022 को दोनों के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। लंबे समय के बाद भी विवेचना पूरी नहीं करने और चार्जशीट प्रस्तुत नहीं करने को लेकर खरे ने एडवोकेट संजय कुमार अग्रवाल के जरिए याचिका लगाई थी। सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, सचिव जीएडी और एसीबी. ईओडब्ल्यू के एडीजीपी से व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र देने को कहा है।

## महानदी पर स्थित प्राचीन रुद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने के लिए रुद्री नदी में बनेगा नया पुल

**धमतरी (आरएनएस)।** महानदी पर स्थित प्राचीन रुद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पुल छोटा होने की वजह से घूम कर जाना पड़ता था, जिसमें पुल निर्माण की मांग रुद्री क्षेत्रवासियों ने विधायक रंजना साहू ने की थी जिसपर तत्काल विधायक ने संबंधित विभाग से मांग की और उसे बजट में शामिल कराया था, जिसका अब टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुका है और बहुत जल्द क्षेत्रवासियों के लिए यह पुल तैयार हो जाएगा,महानदी मुख्य नहर के केनाल में लगभग 434.01 लाख की लागत से यह नया पुल बनकर तैयार होगा।

जिससे श्रद्धालुओं सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है,जनप्रतिनिधि व अन्य जनों ने विधायक का आभार जताया, भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा यह पुल रुद्री मि बहुप्रतीक्षित मांग थी, श्रद्धालुओं एवं आमजन के आवागमन को सुगम बनाने इस अतिआवश्यक पुल को बनवाने के लिए विधायक रंजना साहू का आभार, लगातार सजगता से क्षेत्र विकास में कार्य कर रही विधायक हर वर्ग और क्षेत्र के हर छोर के विकास हेतु लगातार प्रयासरत हैं, निश्चित ही उनके प्रयास और उनकी मेहनत आज रंग ला रही है कि क्षेत्र के चहुं ओर विकास कार्यों को गति मिल रही है। रुद्री सरपंच अनीता यादव ने कहा विधायक लगातार रुद्री में विकास कार्यों की सौगात दी रही हैं पूर्व में भी उन्होंने रुद्रेश्वर महादेव में घाट निर्माण एवं हाईमास्ट लाइट लगवाकर रुद्री की भव्यता और सुंदरता बढ़ाने में काफी मेहनत की थी रुद्री की जनता की ओर से हम विधायक रंजना साहू का धन्यवाद करते हैं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू ने कहा इस पुल के निर्माण से मार्ग सुगम होगा और भक्तों को रुद्रेश्वर महादेव जाने में सहूलियत होगी,वास्तव में खुद की सरकार ना होते भी दिन रात एक कर विधायक क्षेत्र विकास के लिए जितना प्रयास करती हैं वो अद्वितीय है समस्त क्षेत्र की जनता विधायक का आभार करती है।

## जमीन विवाद पर भाई की हत्या, पिता-पुत्र हिरासत में

**कोरबा (आरएनएस)।** हरदी बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम दर्री में जमीन विवाद को लेकर एक बड़े भाई ने अपने पुत्र के साथ मिलकर अपने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार ग्राम दर्री निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी की उसके बड़े भाई कौशल प्रसाद तिवारी व उसके पुत्र अशोक कुमार तिवारी ने जमीनी विवाद को लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया है। रविवार की सुबह जब हत्या की सूचना हरदीबाजार पुलिस को मिली तो हरदीबाजार थाना प्रभारी मयंक मिश्रा दलबल सहित पहुंचे और मामले की तहकीकात की तो मामले का पर्दाफाश हो गया। हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले मृतक के बड़े भाई व उसके पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। लोगों के मुताबिक मामला जमीन विवाद का है जिसके चलते टंगिया से हमला कर लक्ष्मी नारायण तिवारी को मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मी नारायण हमले के बाद काफी देर तक तड़पता रहा और बचाने के लिए लोगों से गुहार लगाता रहा लेकिन हमलावरों के डर से कोई बचाने नहीं आया।

## दुष्कर्म मामले में एक महिला सहित चार लोगों को उम्रकैद की सजा

**कोरबा (आरएनएस)।** नाबालिग लडक़ी को दुष्कर्मी से बचाने की बजाय उसे सौंप देने के मामले में न्यायालय ने एक महिला समेत चार लोगों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

घटना एक अगस्त 2017 की है। 12 साल की नाबालिग लडक़ी कोरबा के स्लम बस्ती में नाना के घर रहती थी। अगस्त में लडक़ी के भाई की शादी थी। इसकी जानकारी लडक़ी के पड़ोस में रहने वाले सोनबाई, अजय और आरिफ खान को थी। अजय ने लडक़ी से 90 हजार रुपये की मांग किया, तब लडक़ी ने राशि देने से मना कर दिया। इस पर तीनों ने मिलकर धमकाते हुए उसके नाना और भाई को मारने की धमकी दी। डर कर नाबालिग अपने घर से 60 हजार रुपये लेकर आ गई। अजय और संतोष नाबालिग को बाइक पर बैठाकर खरसिया रायगढ़ ले गए और रुपये लेने के बाद उसे एक मकान में रख लिया। इस बीच पुलिस जब नाबालिग को ढूंढ़ते हुए पहुंची तो आरोपी अजय उसे भगाकर पुणे ले गया। पुलिस के वहां पहुंचने पर वह अपने रिश्तेदार के घर अंबिकापुर पहुंच गया। यहां सुशील कोरी ने पनाह दिया। जब पुलिस अंबिकापुर पहुंची, तो अजय लडक़ी को लेकर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश भाग गया। तीन माह की कोशिश के बाद लडक़ी को गाजियाबाद में एक मकान से बरामद कर पुलिस कोरबा लेकर आई। बयान में नाबालिग ने अजय पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। साथ ही सोनबाई, संतोष चंद्रा, सुशील कोरी और आशिफ सम्स पर अजय के गलत कार्यों को पनाह देने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी जेल में बंद थे। मामले की सुनवाई कोरबा के विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरुण कुमार ध्रुव ने पैरवी की। न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा की अदालत ने सोनबाई, संतोष चंद्रा, सुशील कोरी और आशिफ सम्स को धारा 363, 366 क, 368, 109 और लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा छह के तहत दोषी ठहराया। न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा की अदालत ने चारों आरोपितों को धारा 363 के तहत सात वर्ष, धारा 366 क के तहत 10 साल और लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा छह के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबकि नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित अजय अभी भी फरार है। पुलिस को उसकी तलाश है।

## गीतकुंआरी में दंतैल हाथी की दस्तक, ग्रामीणों को किया अलर्ट

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में एक बार फिर दंतैल हाथी की दस्तक हो गई है जबकि कोरबा रेंज के कोरकोमा सर्किल अंतर्गत दरगा में मौजूद 12 हाथी बीती रात गेरांव पहुंच गए। हाथियों ने दोनों ही क्षेत्र में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।



जानकारी के अनुसार कुदमुरा रेंज में दंतैल की दस्तक धरमजयगढ़ क्षेत्र से पतरापाली लबेद के रास्ते गीतकुंआरी में हुई। दंतैल ने यहां आते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया है और गीतकुंआरी में दो किसानों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान के थरहे को बुरी तरह रौंद दिया। दंतैल के गीतकुंआरी क्षेत्र में पहुंचने और उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला आज मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि उनके गांव के जंगल में दंतैल हाथी विचरण कर रहा है अतरू वे जंगल से दूरी बनाए रखें। किसी भी हालत में हाथी के पास जाने की कोशिश न करें। उधर कोरबा रेंज के दरगा में मौजूद 12 हाथी बीती रात आगे बढक़र गेरांव पहुंच गए। हाथियों के दल ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में कई किसानों की धान की फसल को रौंद दिया है। हाथियों के दल के गेरांव पहुंचने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। वे हाथियों के डर से काम करने अपने खेतों में नहीं पहुंच पा रहे हैं जबकि वन विभाग का अमला हाथियों की लगातार निगरानी में जुट गया है। कटघोरा वनमंडल के पसानए केंदई व जटगा रेंज में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां पसान रेंज के बनिया व सेमरहा गांव में एक दर्जन हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि 7 हाथियों की मौजूदगी केंदई रेंज में परला के पहाड़ पर बनी हुई है। उधर जटगा रेंज में 7 हाथी जंगल के कक्ष क्रमांक पी.243 में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल ने भी बीती रात जमकर उत्पात मचाया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# पाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- ग्राम दरबार मोखली में डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह का किया गया आयोजन
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय घनाराम बंछोर और गैंदलाल बंछोर की प्रतिमा का किया अनावरण
- नव निर्मित रेस्ट हाउस का किया लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** पाटन की धरती स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है। अंग्रेजों के कुशासन के विरूद्ध आवाज उठाने का साहस इस धरती के सपूतों ने किया। हम उन्हें नमन करते है। यह बात दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में आयोजित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। यहां पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय घनाराम बंछोर तथा स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने दरबार मोखली में 46 लाख 88 हजार रूपए की लागत से जल संसाधन विभाग के नवनिर्मित रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम दरबार मोखली और सेमरी एक करोड़ 21 लाख 75 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि मुझे इस बात की गहरी खुशी है कि दरबार मोखली मेरा पड़ोसी गांव है, जहां स्वतंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वज शामिल हुए। स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर क्षेत्र के पहले वकील थे। गांधी जी से प्रेरणा लेकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। उन्होंने उस दौर में छतर सिंह को जो पत्र लिखे हैं उनके विवरण देखे तो पाएंगे कि कितना कठिन संघर्ष हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई के दौरान किया। डॉ. खूबचंद बघेल के गीत 'गजब विटामिन भरे हुए है, छत्तीसगढ़ के बासी मा' गीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज न केवल अंग्रेजों से स्वतंत्रता चाहते थे, अपितु ऐसी व्यवस्था चाहते थे, जिसे अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति गौरव हो। हमने अपने पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने की दिशा में कार्य किया है।

हमने बोरे-बासी दिवस मनाकर छत्तीसगढ़ की खान-पान परम्परा तथा मेहनतकश संस्कृति का उत्सव मनाया है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी सुंदर और विशिष्ट संस्कृति को लेकर हुई है। हमने अपने गीत-संगीत, कला, कौशल को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। पहली बार आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें देश-विदेश के कलाकारों ने हिस्सा लिया। हम छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पौराणिक धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक जिले में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं, जो हमारे पूर्वजों का सपना था वो अब पूरा हो रहा है।